पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय उत्तर प्रदेश

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग लखनऊ -226016

पत्र संख्याःटीएससी–39/2005(7) दिनॉकः जून ,2014

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक, अग्नि शमन सेवायें/पी0ए0सी0/उ0प्र0 भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड/रुल्स एवं मैनुअल्स/प्रशिक्षण/खाद्य प्रकोष्ठ/सहकारिता प्रकोष्ठ, उ0प्र0।

अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0, इलाहाबाद/भ्रष्टाचार निवारण संगठन/आर्थिक अपराध अनुसंधान विभाग/रेलवेज/मानवाधिकार/सुरक्षा मुख्यालय/विशेष जॉच/एस0आई0टी0/यातायात/दूर–संचार/सर्तकता अधिष्ठान, उ0प्र0।

पुलिस महानिरीक्षक, सी0बी0सी0आई0डी0/एस0टी0एफ0/अभिसूचना/मानवाधिकार आयोग उ0प्र0।

पुलिस अधीक्षक,तकनीकी सेवाए मुख्यालय/ए0टी0एस0 उ0प्र0 लखनऊ/एन्टी डकैती सेल, कानपुर/पुलिस सेन्ट्रल स्टोर कानपुर।

विषयः– नामिनल रोल साफ्टवेयर में पुलिस कार्मिकों का फोटो एवं डिजिटल हस्ताक्षर अपलोड किये जाने सम्बन्धी प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।

उपरोक्त प्रकरण में अवगत कराना है कि पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, के निर्देशानुसार नामिनल रोल साफटवेयर में पुलिस कार्मिकों का फोटो एवं डिजिटल हस्ताक्षर अपलोड किया जाना है, जिसके सम्बन्ध में साफ्टवेयर में यथोचित संशोधन कर लिया गया है।

पुलिस कार्मिकों का फोटो एवं डिजिटल हस्ताक्षर अपलोड किये जाने सम्बन्धी प्रशिक्षण संलग्न प्रशिक्षण कार्यक्रमानुसार दिनांक 09/06/2014 को तकनीकी सेवायें मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। डिजिटल हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए इलैक्ट्रॉनिक पेन की एवं फोटो अपलोड करने के लिए वेब कैमरे की आवश्यकता होगी।

उल्लेखनीय है कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत जनपदों में आपूर्ति किये गये इलैक्ट्रॉनिक पेन को ही डिजिटल हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए जनपदों द्वारा प्रयोग किया जा रहा है किन्तु यह पेन केवल जनपदों को ही आपूर्ति किए गये थे इसलिए इलैक्ट्रॉनिक पेन की व्यवस्था आपको अपने स्तर से करानी होगी। सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत जनपदों में आपूर्ति किये गये इलैक्ट्रॉनिक पेन का विवरण संलग्न है।

वेब कैमरा तकनीकी सेवाये मुख्यालय द्वारा पर्याप्त मात्रा में कय कर लिए गये है एवं प्रशिक्षण के दौरान इकाइयों को उपलब्ध करा दिये जायेंगे।

अतः आप अपनी इकाई एव अपने अधीनस्थ इकाईयों में नियुक्त दो चरित्र पंजिका लिपिकों (कम्प्यूटरभिज्ञ) को प्रशिक्षण हेतु निर्धारित तिथि में प्रातः 9:30 बजे तकनीकी सेवायें मुख्यालय में **01 इलैक्ट्रोनिक पेन एवं 01 पेनड्राइव के साथ** उपस्थित होने के लिए निर्देशित करने की कृपा करें।

संलग्नकः प्रशिक्षण कार्यक्रम (कुल 2 वर्क)

इलैक्ट्रॉनिक पेन के विवरण(कुल 1 वर्क)

(संदीप सालुन्के)
पुलिस महानिरीक्षक,
तकनीकी सेवायें, मुख्यालय,